**खबर संक्षेप**

## शा स की य महाविद्यालय नारायणगंज में प्रवेश की अंतिम तिथि 20 मई

**मण्डला।** उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के द्वारा सत्र 2024-25 के लिए शासकीय महाविद्यालय नारायणगंज में बीए, बी कॉम एवं बीएससी प्रथम वर्ष (विज्ञान एवं गणित समूह) में प्रवेश प्रक्रिया एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से 1 मई 2024 से प्रारंभ हो गई है। प्रवेश प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण की पंजीयन की अंतिम तिथि 20 मई 2024 है। शासकीय महाविद्यालय नारायणगंज में प्रवेश लेने के लिए सर्वप्रथम विद्यार्थियों को ऑनलाइन पंजीयन करवाना होगा। पंजीयन कराते समय विद्यार्थियों को आवश्यक जानकारी अत्यंत ही सावधानीपूर्वक भरवानी होगी एवं आवश्यक प्रमाण पत्र अपलोड कराना होगा। प्रथम चरण में पंजीयन करा चुके विद्यार्थियों के नाम प्रवेश लेने के लिए 25 मई 2024 को जारी किये जायेंगे। विद्यार्थियों को अपने नाम 25 मई को पता कर अलाटमेंट लेटर निकालकर 03 जून 2024 तक ऑनलाईन माध्यम से ही प्रवेश शुल्क अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। प्रवेश शुल्क जमा करने के उपरांत विद्यार्थियों को अपने प्रवेश आवेदन के साथ संपूर्ण प्रमाण पत्र का एक सेट महाविद्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। प्रवेश प्रक्रिया का द्वितीय चरण 27 जून से 13 जून 24 तक संपन्न होगा। प्रवेश संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए महाविद्यालय में स्थापित हेल्प सेंटर से या 9424335991 एवं 9584248469 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

**प्रातः 5:30 बजे व्यास नारायण मंदिर से प्रारंभ होगी परिक्रमा**

# उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा का दूसरा आयोजन आज

*** कल शाम 5:00 बजे होगा समापन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

महिष्मती माँ नर्मदा उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा का दूसरा आयोजन आज 04 मई को प्रातः प्रारंभ हो रहा है परिक्रमा व्यास नारायण मंदिर किले वार्ड में पूजन-अर्चन के साथ संकल्प लेकर प्रारंभ होगी प्रातः 5:30 बजे व्यास नारायण मंदिर में परिक्रमा में जाने वाले लोग भगवान भोलनाथ को जल चढ़ाकर संकल्प लेंगे और माँ नर्मदा का जल साथ में लेकर परिक्रमा प्रारंभ करेंगे।





संकल्प पूजा के बाद परिक्रमावासी किले घाट से ही नाव द्वारा तट पार कर महाराजपुर संगम पहुंचेंगे नाव के द्वारा तट पार करने वालों की संख्या कम ही होगी जबकि अधिकांश परिक्रमावासी किले वार्ड से झूला पुल पहुंचेंगे और फिर वहां से रामबाग, सकवाह होते हुये पुरवा तिराहा से संगम क्षेत्र के बंजर पुल होते हुये महाराजपुर संगम पहुंचेंगे। महाराजपुर संगम में चाय की व्यवस्था की गई है इसके पश्चात सभी परिक्रमावासी माँ नर्मदा की झांकी एवं कलश के साथ महाराजपुर संगम चौराहा होते हुये दादा धनीराम आश्रम आयेंगे जहां पर बाल भोग की व्यवस्था की गई है बाल भोग में चूंकि आज एकादशी तिथि है लिहाजा बहुत से परिक्रमावासी व्रत रखते है इसी बात को देखते हुये बाल भोग में फलाहारी व्यवस्था की जा रही है।



बाल भोग के उपरांत यह परिक्रमा कारीकोन तिराहे से मानादेई पहुंचेगी यात्रा मार्ग मुख्य मार्ग ही होगा आगे जाने पर घुंघरू वाले बाबा जी के आश्रम में भी शीतल पेय एवं शर्बत नीबू पानी आदि की व्यवस्थ नर्मदा भक्तों के द्वारा परिक्रमावासियों के लिये की गई है। यहां से परिक्रमा यात्रा सुरंगदेवरी होते हुये अंदर के रास्ते से माँ नर्मदा की के किनारे-किनारे सिलपुरा स्थित नर्मदा आश्रम पहुंचेगी इसके लिये पगडंडी वाला रास्ता चुना गया है ताकि परिक्रमा के दौरान माँ नर्मदा के दर्शन होते रहे और माँ नर्मदा परिक्रमावासियों के साथ-साथ दाहिनी ओर प्रवाहित होती रहें।सिलपुरा स्थित माँ नर्मदा आश्रम में दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई है व्रत वालो के लिये फलाहार की व्यवस्था भी रहेगी इस आश्रम में भोजन के दौरान भजन-कीर्तन भी होगा एवं विश्राम के पश्चात परिक्रमा यात्रा यहां से आगे सनकुही, भैसादाह के लिये रवाना होगी। शाम को इसी मार्ग से नर्मदे हर के जयकारे के साथ परिक्रमा यात्रा घाघा ग्राम पहुंचेगी घाघा ग्राम पंचायत में पंचायत भवन के समीप स्थित परिसर में यात्रा का पड़ाव होगा इस स्थान पर परिक्रमावासी रात्रि विश्राम करेंगे।शाम को परिक्रमा यात्रा के पहुंचने के कुछ समय पश्चात संध्या आरती की जायेगी माँ नर्मदा की आरती के बाद एक विशेष आयोजन हर वर्ष की तरह होगा जिसमें स्थानीय कलाकार डेहरिया जी अपने सिर पर सैकड़ों कलशों को प्रज्जवलित कर माँ नर्मदा के अष्टक पर आकर्षक नृत्य करेंगे इसके पश्चात बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे और इसी दौरान ग्याजीपुर स्थित गुरूकुल के छात्रों द्वारा मंत्रोच्चार तथा शस्त्र विद्या का प्रदर्शन किया जायेगा और इन कार्यक्रमों के पश्चात परिक्रमावासियों के सायंकालीन भोजन की व्यवस्था की गई है यहां पर सभी परिक्रमावासियों के लिये दाल-भाटी एवं हलुवे का प्रसाद वितरण किया जायेगा और जो परिक्रमावासी का व्रत है उनके लिये फलों एवं खीर की व्यवस्था की गई है।शाम के इस आयोजन में नगर के उन दानदाताओं को भी परिवार सहित आमंत्रित किया गया है जिन्होंने इस पूरे आयोजन में खुले हाथ से दान दिया है अन्य नर्मदा भक्त भी इस आयोजन में सादर आमंत्रित है। भोजन उपरांत भजन-संध्या का आयोजन किया गया है इस भवन-संध्या में सिलपुरा की भजन मंडली के साथ-साथ किले वार्ड मण्डला की भजन मंडली एवं अन्य कलाकार शामिल होंगे भजन मंडली के साथ-साथ परिक्रमा में शामिल हुये भक्तगण भी अपनी प्रस्तुति दे सकते हैं देर रात तक यह कार्यक्रम जारी रहेगा और तत्पश्चात सुबह भोर के समय नित्यक्रिया से निवृत्त होने के पश्चात स्नान कर माँ रेवा की आरती की जायेगी और फिर घाघी आश्रम से परिक्रमावासी 05 मई दिन रविवार को तट पार कर मोनी आश्रम बबैहा पहुंचेंगे और फिर यहां बाल भोग के पश्चात यात्रा आगे के लिये रवाना होगी।

## विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर कुपोषित बच्चों को बांटे खिलौने



*** एनआरसी मण्डला में किया गया आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

स्वतंत्र पत्रकार संगठन मण्डला एवम एमपी वर्किंग जनार्लिस्ट यूनियन जिला ईकाई मण्डला के द्वारा विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य मे जिला चिकित्सालय मण्डला पहुंच कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिला चिकित्सालय के एन आर सी मे इलाज करा रहे कुपोषित बच्चों के परिवार जनों से मिलकर उनका हाल चाल पूछा गया एवम व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली गयी जिस पर इलाजरत बच्चो के माता पिता पूर्णतः संतुष्ट नजर आए साथ ही परिवारजनों ने सरकार की इस महती योजना के लिए सरकार का धन्यवाद भी दिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मण्डला थाना प्रभारी शफीक खान, यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष गणेश बैरागी यूनियन के संरक्षक राकेश झा एवम जिला इकाई अध्यक्ष कपिल वर्मा द्वारा एनआरसी में मौजूद सभी बच्चो को खिलोनों का वितरण किया गया । खिलौने मिलते ही मासूम बच्चों के चेहरे मे खुशियां देखने को मिली। थाना प्रभारी मण्डला शफीक खान द्वारा सभी बच्चो को आर्शीवाद एवम खिलोने दिए गए साथ एनआरसी विंग के स्टाफ को अश्वस्त किया गया कि कभी भी किसी तरह की कोई भी परेशानी हो तो मुझे आप सीधे आकर मिले या फोन करे मण्डला पुलिस 24 घंटे सातों दिन आपकी सेवा में तत्पर है। कार्यक्रम के दौरान डायटीशियन रश्मि वर्मा, डॉ योगेश, एस पी तिवारी, अखिलेश अग्रवाल, अशोक मिश्रा, विकास पाठक, गोवर्धन कछवाहा, संजय नंदा, सुरेन्द्र मोगरे, भारत पट्टा,प्रदीप शर्मा आदि एवम स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



## प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा अनुष्का का ट्रायबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन ने किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

आदिवासी बाहुल्य मंडला जिले के नैनपुर नगर की बेटी अनुष्का अग्रवाल ने कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा 2024 में प्रदेश की प्रवीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त की। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही संपूर्ण जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। शिक्षा के क्षेत्र में ऐसी खुशियों में सदैव अपनी अग्रणी भूमिका निभाने तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के हितों के लिए समर्पित ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन जिला शाखा मंडला ने एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष डीके सिंगौर एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी जाग्रति श्रीवास्तव की उपस्थिति में



प्रदेश में अव्वल रही छात्रा अनुष्का अग्रवाल को चमचमाता मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया। बीईओ कार्यालय नैनपुर में आयोजित प्रतिभा सम्मान सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी जागृति श्रीवास्तव, एसोसिएशन के प्रांत अध्यक्ष डी के सिंगौर, जिला अध्यक्ष दिलीप मरावी, ब्लॉक अध्यक्ष अमर सिंह चंदेला, मीडिया प्रभारी श्याम बैरागी, संजीव सोनी,नफीस खान, आशीष तिवारी, सुरेश श्रीवास्तव, उमाशंकर तिवारी, महेश तिवारी, के के चौहान, छात्रा अनुष्का के पिता जय प्रकाश अग्रवाल सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षकाएं एवम बी ईओ कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में प्रांताध्यक्ष डी के सिंगौर ने कहा कि छात्रा अनुष्का ने पूरे प्रदेश में अपने परिवार, विद्यालय, नगर और जिले का नाम रोशन किया है। अनुष्का अब सिर्फ अग्रवाल परिवार की ही बेटी नहीं है, वह पूरे जिले की बेटी बन चुकी है। अब भविष्य में इस छात्रा पर सबकी उम्मीद भरी नजर रहेगी। इसलिए छात्रा अपने लक्ष्य और सबकी उम्मीदों को ध्यान में रखकर आगे की पढ़ाई में फोकस करना चाहिए। अनुष्का के छोटे से ट्राइवल ज़िले से अव्वल आने पर परिवार विद्यालय ब्लॉक और जिले के सभी विद्यार्थीयों को प्रेरणा मिलेगी और भविष्य में जिले से और विद्यार्थी अव्वल आयेंगे।ट्रायबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन जिले की ऐसी तमाम प्रतिभाओं को सम्मानित करता रहा है, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपने जिले, विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है, साथ ही ट्रायबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन आर्थिक रूप से कमजोर ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों को आर्थिक सहयोग भी करता रहा है, ताकि पैसों की कमी के कारण ऐसी प्रतिभाओं का हौसला कमजोर ना रहे। इस अवसर पर अनुष्का अग्रवाल ने अपनी इस उपलब्धि को लेकर अपने अनुभव साझा किए। छात्रा ने बताया कि उसने खुद के शब्दों में नोट्स बनाकर उससे तैयारी की और उत्तर पुस्तिका में भी अपने शब्दों में ही उत्तर लिखा।

## सूरज दिखाने लगा अपने तेवर, बढ़ रही तेज तपन, उमस से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



इस साल गर्मी अपना उग्र रूप दिखाने पर अमादा हो गई है। इस वर्ष गर्मी सारे रिकार्ड तोड़ते दिख रही है। इस वर्ष अप्रैल के शुरूआत माह में ही लोग सुबह 11 बजे के बाद घरों से बाहर निकलने के लिए हिचकिचा रहे है। तेज धूप और तपन के आगे लोग नस्मष्तक हो रहे है। मार्च माह से ही तापमान में उछाल आ गया है। विगत वर्ष 2023 की अपेक्षा इस वर्ष अधिकतम तापमान में 5 से 10 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। इस वर्ष विगत एक माह से अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास ही दर्ज किया जा रहा है।

जानकारी अनुसान इस वर्ष माह अप्रैल और मई माह ने पिछले वर्ष का न केवल रिकार्ड तोड़ है, बल्कि पिछले वर्ष की तुलना में तापमान 5 से 10 डिग्री अधिक बना हुआ है। विगत वर्ष 01 अप्रैल को अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17.0 डिग्री रहा। वहीं इस वर्ष 01 अप्रैल को अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह विगत वर्ष 01 मई 2023 को अधिकतम तापमान 31.2 और न्यूनतम 18.5 डिग्री सेल्सियस रहा। इस वर्ष 40.8 डिग्री और न्यूनतम 20.6 डिग्री रहा। विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 01 मई को करीब 09 डिग्री अधिकतम तापमान अधिक रहा। इसी प्रकार विगत वर्ष 02 मई को अधिकतम तापमान 29.9 डिग्री और न्यूनतम 16.5 डिग्री रहा। 03 मई को विगत वर्ष अधिकतम 27.0 डिग्री न्यूनतम 19.0 डिग्री रहा। इस वर्ष 02 मई को अधिकतम 39.0 डिग्री न्यूनतम 19.5 डिग्री रहा। 03 मई को अधिकतम तापमान 39.6 और न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस रहा। इस वर्ष 03 मई को अधिकतम तापमान पिछले वर्ष की तुलना में 12.6 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी हुई है। वही न्यूनतम तापमान में ढाई डिग्री नीचे उतरा है।

जिले में तापमान विगत वर्ष की अपेक्षा अधिक उछाल मारा है। 05 से 10 डिग्री सेल्सियस तापमान बढने से सूर्य की तपन और गरम हवाएं चलना प्रारंभ हो गई है। पारे में बढ़ोत्तरी के कारण लोगों का दिन में बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। वहीं शाम के समय भी लोगों को अभी से गर्म हवाएं सहन करनी पड़ रही है। रात 9 बजे के बाद ही लोगों को मौसम में थोड़ी राहत मिल रही है।

### गर्म हवाएं जिले को ले रही आगोश में

मौसम वैज्ञानिक सुमित परोहा ने बताया कि इस वर्ष के तापमान में पिछले वर्ष की अपेक्षा बढ़ोत्तरी हुई है। इस वर्ष का अधिकतम तापमान पिछले वर्ष की अपेक्षा 05 डिग्री से 10 डिग्री सेल्सियस अधिक बना हुआ है। जिसके कारण दिन में गर्मी का एहसास भी लोगों को अधिक हो रहा है। दिन के तामपान में विगत दिनों की अपेक्षा बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है। विगत एक माह से अधिकतम तापमान 35 से 41 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है और न्यूनतम तापमान भी 12 से 22 डिग्री के आसपास है। जैसे-जैसे दिन गुजर रहे है वैसे-वैसे सूरज के तेवर तीखे होते जा रहे है। विगत कुछ दिनों से तापमान में हो रही बढ़ोत्तरी के कारण दिन में ज्यादा गर्मी का एहसास हो रहा है। गर्म हवाओं ने धीरे-धीरे जिले को आगोश में लेना शुरू कर दिया है। जिससे तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है।

### आगामी तीन दिनों में फिर मौसम में होगी उठा पटक

बताया गया कि मौसम में उतार चढ़ाव अभी भी जारी है। मौसम वैज्ञानिकों ने आशंका जताई है कि आगामी तीन से चार दिनों में एक बार फिर मौसम में बदलाव हो सकता है। जिससे एक बार फिर मौसम में परिवर्तन नजर आएगा। इसके साथ ही आज शनिवार को मौसम साफ ओर शुष्क रहेगा और हवाओं की चाल 10 से 12 किमी घंटे की रफ्तार से चलेगी और अधिकतम तापमान भी 39 से 40 डिग्री के आसपास ही रहेगा। इसके साथ ही आगामी 06 और 07 मई को कहीं-कहीं हल्की बारिश और वज्रपात के साथ झोकेदार हवाएं भी चलने की संभावना जताई गई है।

**समस्या** | **नारायणगंज में मछुआरों की आयोजित हुई बैठक।**

# मछुआरों के समक्ष जीवकोपार्जन का संकट

*** बरगी जलाशय में मत्स्याखेट बंद होने से बनी समस्या।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नर्मदा नदी बरगी जलाशय में मत्स्याखेट बंद है। प्रतिबंधित अवधि के बाद जलाशय और बैक वॉटर में मत्स्याखेट नहीं होने के कारण मछुआरों को कई तरह की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। नारायणगंज व आसपास के क्षेत्रो से बड़ी संख्या मछुआरे पलायन कर रहे है। जीवकोपार्जन में उन्हे मुश्किल हो रही है। मत्स्याखेट नहीं होने से मछुआरो में रोष देखा जा रहा है। गत दिवस नारायणगंज क्षेत्र के मछुआरों ने एक बैठक कर अपनी मांगों को लेकर चर्चा की और प्रस्ताव बनाकर जिला कलेक्टर व सीएम को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया है।

बरगी बांध विस्थापित मत्स्य उत्पादन एवं विपणन सहकारी संघ फेडरेशन अध्यक्ष मुन्ना बर्मन ने बताया है कि बरगी जलाशय में 54 प्राथमिक मछुआरा सहकारी समिति के लगभग 2500 मछुआरा सदस्य हैं। जिसमें मंडला जिले की 27 प्राथमिक मछुआरा सहकारी समितियों की



सदस्य संख्या लगभग 1600 है। 16 हजार 400 हेक्टेयर के बरगी जलाशय में 54 प्राथमिक मछुआरा सहकारी समितियों का फेडरेशन बरगी मत्स्य उत्पादन एवं विपणन सहकारी संघ गठित है। पिछले कई माहिने से इन मछुआरा सहकारी के सदस्यों को काम नहीं मिल रहा है। बरगी जलाशय में मत्स्याखेट बंद है। इसके कारण मछुआरो को कई तरह की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। घर परिवार के भरण पोषण के लि क्षेत्र के कई मछुआरे पलायन करने मजबूर हो गए हैं। कुछ महानगरों में मजदूरी के लिए चले गए हैं या फिर दूसरे जिलो के जलाशय में काम कर रहे हैं। इसके चलते उन्हें कई तरह की परेशानी हो रही है। घर परिवार से दूर रहना पड़ रहा है। इसके बाद जिला प्रशासन के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### 34 रुपए प्रति किलो की दर से मिलती है मजदूरी

मजदूर दिवस पर नारायणगंज में बरगी जलाशय के कार्यरत मछुआरों की बैठक आयोजित हुई। मछुआरा सदस्यों ने बताया कि राज्य मत्स्य महासंघ द्वारा बरगी जलाशय में मत्स्याखेट कार्य अगस्त 2023 से शुरू ही नहीं किया गया है। 15 जून से 15 अगस्त मछली के प्रजनन काल के कारण मत्स्याखेट बंद रहता है और 16 अगस्त से मत्स्याखेट चालू हो जाना चाहिए था लेकिन काम शुरू नहीं किया गया। मछुआरों के आजीविका का एकमात्र साधन मछली पकडन्ना है। मछुआरों ने मत्स्याखेट शीघ्र शुरू करने, महंगाई को देखते हुए वर्तमान में मछली पकडन्ने की मजदूरी 34 रुपए से बढाकर 60 रूपये प्रति किलो करने, जलाशय में मत्स्य बीज संचय और बंद ऋतु में उसकी सुरक्षा तथा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रस्ताव पारित कर कलेक्टर मंडला के माध्यम से प्रदेश मुख्यमंत्री को पत्र भेजने का निर्णय लिया गया।

### दो दशक से ठेकेदारी

बरगी जलाशय की 54 प्राथमिक मछुआरा समितियों के फेडरेशन द्वारा 1994 से 2000 तक औसत 440 टन मत्स्य उत्पादन किया गया था। ठेकेदारी होने के बाद विगत 6 वर्षों में औसत 120 टन मत्स्य उत्पादन रह गया है। मछूआरों द्वारा घटते मत्स्य उत्पादन का विशेषज्ञों से अध्ययन कराने की मांग सरकार से लगातार किया जा रहा है। इस सबंध में आजतक कोई ध्यान नही दिया गया। बैठक में बरगी फेडरेशन अध्यक्ष मुन्ना बर्मन राजराजेश्वरी किला वार्ड मंडला, रमेश नंदा सुनैना मछुआरा समिति पदमी दिवरीया बरमैया, दीपक मछुआरा समिति पाठा, सुभाष बर्मन लोकेश्वरं समिति पिपरिया, रघुवीर बर्मन दुर्गा मछुआ समिति खम्हरीया, रामकुमार बर्मन, शिव मछुआ समिति किकरीया जगन्नाथ बर्मन सागर समिति बखारी नारायण प्रसाद बर्मन, संतोष बर्मन,संजू बर्मन,अजमेर वर्मन गुबरा वर्मन आदि मौजूद रहे।

### घट रहा मत्स्य उत्पादन

बैठक के दौरान बताया गया है कि ठेकेदारी के चलते नर्मदा नदी से मछली की कई प्रजाति विलुप्त हो गई। यहां महाशीर अब नजर नहीं आ रही है। जिसे राज्य मछली का दर्जा दिया गया है। बरगी जलाशय का मत्स्य उत्पादन 2017-18 में 55 टन, 2018- 19 में 213 टन, 2019-20 में 95 टन, 2020-21 में 28 टन, 2021-22 में 114 टन, 2022-23 में 211 टन मात्र रह गया है। घटते मत्स्य उत्पादन के कारण मछुआरा रोजगार के लिए अन्य जलाशय में पलायन कर रहे है। इसको लेकर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मत्स्य विभाग के द्वारा योजना संचालित की जा रही है लेकिन उनका भी शत प्रतिशत लाभ नहीं मिल रहा है।




खबर संक्षेप

## नगर में दौड़ रहे बगैर नम्बर प्लेट के वाहन, जिनको चला रहे हैं नाबालिग

गाडरवारा। नगर में प्रतिदिन यातायात व्यवस्था खराब होते जा रही ही, इस समस्या की ओर अनेको बार जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित नगर के समाज सेवको द्वारा पुलिस के वरिष्ट अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया गया था फिर भी यातायात विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा है, जिसके कारण नगर में बिना नंबर प्लेट की गाड़ी दो पहिया वाहनों में तीने सवारी, छोटे छोटे बच्चों का सरपट वाहनों को दौड़ने के साथ साथ वाहनो में कान फोडू व कर्कर्स हार्न लगाने का क्रम जारी है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इन दिनों नगर में चलने वाले लगभग 40 प्रतिशत टू व्हीलर वाहन व 40 प्रतिशत चौपाहिया वाहन शामिल है, जो प्रतिदिन नगर के मुख्य चौराहों से बेखौफ होकर गुजरते बगैर नबंर के वाहन दिखाई देतें है फिर भी पुलिस इन पर ना तो कोई कार्यवाही कर पा रही है ना उनको पकड़ने में कोई अंकुश अभी तक लगा पाई है, जिसके चलते नगर में इन दिनों नाबालिग बच्चों को गाड़ियां चलाने का जुनून सा दिख रहा है, जिसमें दोपहिया गाड़ियों में तीन लोग सवार होकर फर्राटे से और मस्ती करते हुए दौड़ा रहे है, जो कभी भी रास्ते से गुजरने वाले राहगिरों को अपनी चपेट में ले लेते है तथा कई बार यातायात नियमों की जानकारी के अभाव में दूसरे वाहनों को प्रभावित करते है। उल्लेखनीय है कि नगर में अनेक ऐसे लोग है जो बिना लायसेंस, ट्रीपल सीट सवारी, बिना नंबर प्लेट सहित दर्जनों अनियमिताता के साथ प्रतिदिन नगर के प्रमुख स्थानों तथा थाने व विभागीय कर्मचारियों के सामने से कई वाहन गुजरते दिखाई देतें है, लेकिन विभाग इस ओर तत्परता नही दिखाने के कारण लोग बेखौफ होकर वाहन दौड़ा रहे है।

## दुर्घटना की परवाह न कर लोग कर रेल पटरी पार

गाडरवारा। शहर के रेलवे गेट पर संकेत को पर ध्यान न देकर रेलवे गेट के पार करने के नजारे दिखना तो वैसे सामान्य बात हो गयी है,किन्तु रेलवे स्टेशन के दोनो प्लेट फार्मो पर रेल पटरियो को पार करने का जो सिलसिला लोगों ने शुरू कर दिया है, वह क्षेत्र के रेलयात्रियो को मौत का पैगाम देने वाला लग रहा है? गौरतलब है कि नगर के रेलवे स्टेशन पर ओबरब्रिज बने रहने के बावजूद हड़बडी में दुर्घटना से बेपरवाह लोग प्लेट फार्मो पर जाने के लिए रेल पटरियो का प्रयोग करते है जो नियम के विपरित होने के साथ साथ खुद के जीवन को संकट में डालने वाला है। मगर यहां पर रेलवे पुलिस की चौकसी न होने से बताया जाता है कि रेल पटरी पार करने की रेलयात्रियो की प्रवृत्ति पर रोक नहीं लग पा रही है। विदित हो कि वर्तमान में शहर में कई ट्रेनो का स्टापेज होने लगा है, इस स्थिति में स्टेशन पर लगातार ट्रेनो की आवाजाही होती रहती है और रेल पटरी पार करने की लोगों की हरकत से कभी भी अप्रिय घटनाएँ हो सकती है, रेल प्रशासन से जागरूक शहरवासियो ने गुहार लगायी है कि वह रेलयात्रियो की रेल पटरी पार करने की गतिविधि पर अंकुश लगाने की दिशा में पहल करें।

## रात के समय एक लाईट के भरोसे चलने वाले वाहन साबित हो रहे खतरनाक

सांईखेड़ा। देखा जाता है कि सड़क पर दौड़ने वाले कई वाहनो की स्थिति निर्धारित नियमों के विरूद्व है और ऐसे खस्ताहाल वाहन जहां पर्यावरण को बिगाड़ रहे है,वही ये दुर्घटनाओ के कारण भी बनते है, क्षेत्र मे चल रहे ऐसे बाहनो से परेशानी ही परेशानी है, जिनका एक ही हेड लाईट जलता है और ऐसे काने वाहनो मे पीछे से लाईट नही रहती और न ही उसमे अपर डिपर का सिस्टम होता है, इस प्रकार के काने वाहनो से सर्वाधिक परेशानी रात्रि मे अन्य चालको को होती है, क्योकि जहां इनका एक लाईट नही जलता,वही दूसरी लाईट भी बिल्कुल कम रोशनी देता है, जिससे सामने से आने वाला वाहन चालक समझता है कि शायद कोई मोटर साईकिल आ रही है और वह उसी के हिसाब से अपने वाहनों को साईड देता है, जो दुघर्टना का कारण साबित होता है, इसके अलावा भले ही पिछले एक दशक मे वाहनो की संख्या मे तेजी से वृद्धि हुई है, परंतु अधिकांश लोगो को यातायात नियमों की जानकारी नही होती।

गाडरवारा पुलिस की सफलता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुये पकड़े गये डेढ़ लाख से अधिक कीमत के गांजे का किया खुलासा

# पुलिस थाने में आयोजित शिकायत निवारण शिविर में पुलिस अधीक्षक द्वारा मौके पर किया 11 आवेदनों का निराकरण




जंगल क्षेत्र के भैंसा मुकुंदा क्षेत्र में चल रहे जुआ पर सख्त कार्यवाही के दिये निर्देश...

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** पुलिस अधीक्षक द्वारा भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुये हर शुक्रवार को गाडरवारा पुलिस थाने में मौजूद रहते हुये आमजन की समस्याये सुनने के लिये आने की शुरू की गई अनोखी पहल के चलते बीते हुये शुक्रवार यानि की कल जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा गाडरवारा पुलिस थाने में शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला पुलिस अधीक्षक सहित उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, नगर निरीक्षक उमेश तिवारी , थाना प्रभारी डोगरगांव निरीक्षक शंकर सिंह के आलवा चीचली पुलिस थाना प्रभारी रोहित पटैल, सांईखेड़ा थाना प्रभारी संग्राम सिंह तोमर, सिहोरा पुलिस चौकी प्रभारी विजय पाल सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद थें। इस तरह आयोजित किये गये समास्या निवारण शिविर में 11 आवेदनों का जहां मौके पर निराकरण किया गया तो 19 आवेदनों को जांच के लिये संबंधित थाना प्रभारियों को दिये गये। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा पत्रकारों से चर्चा करते हुये बताया कि इस समय भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। इस बीच क्षेत्र के अनेक लोग यहां से अपनी परेशानी लेकर जिला मुख्यालय नरसिंहपुर पहुंचते थें। यहां से नरसिंहपुर की दूरी लगभग 55 किलो मीटर होने से भीषण गर्मी के चलते लोगों को आने जाने में परेशान न होना पड़े इसी के चलते मेरे द्वारा गर्मी के सीजन में हर शुक्रवार को गाडरवारा पुलिस थाने में शिकायत निवारण का आयोजन किया जावेगा। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा गाडरवारा पुलिस थाना प्रागंण में आयोजित शिकायत निवारण शिविर में ज 30 शिकायतें प्रस्तुत की गयी एवं शिकायतकर्ता द्वारा अपनी समस्याओं को रखा गया पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त शिकायतकर्ताओं को स्वयं सुना जाकर 11 शिकायतों को मौके पर ही निराकरण किया गया एवं शेष 19 शिकायतों को जांच हेतु आदेशित किया गया। वही गाडरवारा के कुछ समाजसेवियों द्वारा दिये गये आवेदन में उल्लेख किया गया है कि नगर की यातायात व्यवस्था पूर्णरूप से पटरी पर उतरी हुई जिसमें मुख्य रूप से देखा जावे तो मोटर साईकिलों में तेज आवाज वाले साईलेंसर रात के समय जिस तरह सड़को पर बाइकर्सो का आंतक देखने मिला है उसके चलते आमजन परेशान होते हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर आटों चालकों की मनमानी तो इस तरह से बनी हुई है कि वह रास्ते पर चलते चलते अपने आटों को अचानक कही भी रोक देने के कारण आये दिन लोग ओं से टकराने के कारण घायल होते हुये देखे जाते है। जिसको लेकर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा बाइकर्स गैंग सहित नाबांलिगों द्वारा सड़क पर वाहन चलाने की बात पर सख्ती से कार्यवाही करने की बात कहते हुये कहा कि जिन स्कूलों में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे बाइक लेकर स्कूल जाते है उन स्कूलों के प्रमुखो को पहले पत्र खिलते हुये सचेत किया जावे कि यदि उनके स्कूल का कम उम्र का कोई छात्र या छात्रा बाइक चलाते हुये पाये जाते है तो उसके खिलाफ कार्यवाही के साथ साथ स्कूल प्रबंधन पर भी कार्यवाही की जावेगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक क्षेत्रीयजन एवं मीडिया से जुडे लोगों के साथ बैठक आयोजित कर सुझाब प्राप्त किये गये जिसमें गाडरवारा नगर में यातायात व्यवस्था में सुधार, ऑटो चालकों को समझाईस, नगर के मुख्य स्थानों पर कैमरे लगाने एवं अन्य समस्याओं के संबंध में सुझाब प्राप्त हुये। आमजनों एवं मीडिया से जुडे लोगों से प्राप्त सुझाबों के उपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा जल्द ही गाडरवारा में यातायात पुलिस सहायता केन्द्र स्थापित करने एवं मुख्य स्थानों पर कैमरे लगाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये गये। इस दौरान उन्होनें सभी थाना प्रभारियों को बैठक में सख्त निर्देश देते हुये कहा किअपने-अपने थाना क्षेत्र की आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना जावें एवं उनका निराकरण संतुष्टि पूर्वक समयवधि में किया जावे। वही दूसरी ओर गाडरवारा थाना क्षेत्र में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक उमेश तिवारी की जुगल जोड़ी द्वारा मादक पदार्थो के खिलाफ जिस तरह लगातार कार्यवाही की जा रही है उसके चलते गाडरवारा क्षेत्र की मादक पदार्थ के कारोबार को लेकर समाप्ति की ओर अग्रसर होते दिखाई देने की बात को लेकर पत्रकारों द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक को फूल गुलदस्ता के माध्यम से सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि वह मादक पदार्थो के खिलाफ तो लगातार कार्यवाही की जा रही है इसके आलवा कोई भी अन्य अवैधानिक गतिविधियाँ संचालित होते हुये देखी जाती है तो मुझे आवगत कराये सख्त कार्यवाही की जावेगी। इस दौरान समीपस्थ जंगल क्षेत्र के भैसा मुकुंद जामगांव व चांवल पानी क्षेत्र के जंगलों में चल रहे जुंआ के अवैध कारोबार को लेकर हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से उजागर किये जाने पर कुछ दिनों की रूकावट के बाद पुनः बारहाबड़ा क्षेत्र के जुंआरियों द्वारा यह इस बात की ताल ठोकते हुये कि इस तरह की खबरे तो अखबारों में छापती ही रहती है..? पुनः अपने कारोबार की शुरूआत करने के लिये जाल बिछाया जा रहा है। इस संबंध में जिला पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही करने के उप पुलिस अधीक्षक सहित संबंधित थाना प्रभारी को सख्त कार्यवाही करने के आदेश दिये गये है। ज्ञात हो कि चांवल पानी, जामगांव भैसा मुकुंदा जंगल क्षेत्र में संचालित होने वाले इस जुंआ के अवैध कारोबार के तार बारहाबड़ा के जुंआरियों से जुडे होने की चर्चा है? समास्या निवारण शिविर के उपरांत जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा गाडरवारा पुलिस द्वारा मादक पदार्थो के खिलाफ कार्यवाही करते हुये पकड़े गये डेढ़ लाख से अधि कीमत के गांजे की सफलता का खुलासा भी किया गया। बतया जाता है कि जिले में मादक पदार्थो के अवैध कारोबार में लिप्त अपराधियों की धरपकड़ के लिये ऑपरेशन प्रहार चलाया जा रहा है । इसी तारतम्य में बीते हुये दिवस गाडरवारा पुलिस जब किसी स्थाई बारंटी की खोजबीन करने के लिये गोटेगांव जा रही थी तो इस दौरान ग्राम बोहानी बायपास राघव नगर रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति अपने हाथ में बोरी रखे दिखाई दियो जाने के चलते इस टीम में शामिल मादक पदार्थो के अवैध कारोबार करने वालों को पलक झापकते ही पहचाने में माहिर माने जाने वाले आरक्षक राजेश बागरी की पैनी निगाह से नही बच पाया और इसकी सूचना अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई जिसके चलते उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक उमेश तिवारी द्वारा आरोपी को घेराबंदी करते हुये पकड़े गये आदेश दिये जाने पर इस टीम में शामिल सहायक उप निरीक्षक पुनीत कटारे, प्र आरक्षक गोपाल, वरिष्ठ आरक्षक राजेशस बागरी, प्रधान आरक्षक धनीराम के आलवा वरिष्ठ आरक्षक अखिलेश पटैल, बाल किशन रघुवंशी, सुजीत बागरी द्वारा संदेही को पकड़ते हुये जब उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम लक्ष्मण पिता रामनाथ वंशकार उम्र 40 वर्ष निवासी शारदा मंदिर के पास शारदा चौक अन्ना मोहल्ला गढ़ा थाना गढ़ा जिला जबलपुर का होना बताया गया। वही जब पुलिस द्वारा संदेही द्वारा अपने पास रखे हुये बोरी की तलाशी ली गई तो उसके अंदर पुलिस को 7 किलो 100 ग्राम मादक पदार्थ गांजा मिला। इस तरह पकड़े गये आरोपी के पास से पुलिस द्वारा गांजा सहित एक मोबाईल फोन दोनों की अनुमानित कीमत 1 लाख 51 हजार 400 रूपया को जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का मामला कायम करते हुये मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। इस तरह पुलिस द्वारा आरोपी से इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह आखिरकार इतनी अधिक मात्रा में यह गांजा लेकर कहा से आया हुआ था और क्षेत्र में किसको विक्रय करने की जुगाड में घूम रहा था। पुलिस की इस कार्यवाही से अनुमान है कि पकड़े गये इस आरोपी के माध्यम पुलिस क्षेत्र के गांजा तस्कारों तक पहुंचने में सफल हो सकती है।

## भगवान कथा के चलते गाडरवारा शहर हुआ भगवान कृष्ण की भक्ति में लीन, नफरत हमेशा बुरे विचारों व बुरे कर्मों से करना चाहिए: स्वामी इंद्रदेव जी सरस्वती




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के बोदरी मार्ग स्थित शनि मंदिर के पास एनटीपीसी आडिटोरियम के सामने चल रहे 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत के आयोजन में प्रतिदिन भक्ति रस की गंगा बह रही है जिसमे नगर सहित आसपास के गांवों से आ रहे धर्मप्रेमी श्रद्धालुओ भगवान कृष्ण की भक्ति में लीन होने से संपूर्ण शहर धर्ममय होते हुये देखा जा रहा है। वही कथा के तीसरे दिन भागवत भगवान की आरती के बाद कथा वाचक महामंडलेश्वर स्वामी श्री श्री 1008 श्री इंद्रदेव सरस्वती महाराज ने कथा सुनाते हुए कहा कि जीवन मे श्रीमद भागवत कथा का बड़ा ही महत्त्व है और यही कथा है कि मानव जीवन की नैया को पार लगाती है यह बात अलग है कि सभी लोग अलग अलग उद्देश्य से कथा गाते हैं । मगर कथाओं की बदौलत ही हम सभी राम एवं श्याम की ओर लौटे हैं। कथाओं के श्रवण से ही जीवन मे अच्छी बातों एवं संस्कारो को आत्मसात करने का अवसर मिलता है। इस दौरान उन्होंने कथा में कहा कि जीवन मे जब मानव का चरित्र एवं विचार खराब हो जाते हैं तब दैवीय प्रकोप आते है। क्योंकि व्यक्तियों द्वारा किये गए कुकर्मों से उनके शुभकर्मों का फल उन्हें दिखाई नही देता और जब दिखाई देना शुरू होता है तो काफी देर हो चुकी होती है, लोगों द्वारा किये जा रहे इतने व्रत एवं उपवास के बाद भी हमारा पुण्य कहाँ जा रहा है ये हमे पता ही नही चलता। हम सुख के बीज कम बोते है इसीलिए सुख नही दिखता। क्योंकि सुख के बीज बोने के लिये श्रद्वा चाहिये, मगर लोग श्रद्वा की जगह दिखाबा अधिक करते है। क्योंकि भगवान को दिखाबे से प्राप्त नही किया जा सकता है उसे प्राप्त करना है तो श्रद्वा होना चाहिये। इस युग मे धर्म, सुख, आनंद के बीज बोने वाला व्यक्ति उसी की फसल काटेगा। जीवन मे हमें नफरत हमेशा बुरे विचारों एवं बुरे कर्मों से करना चाहिए। अहंकार से हमें सदैव दूर रहना चाहिए। रावण के अहंकार से ही उसके पुत्रों का नाश हो गया था। रावण को सभी ने बहुत समझाया लेकिन वह नही माना। हम अपने बच्चों को भी ये शिक्षा दें कि वे अहंकार से दूर रहें। हमारा ईश्वर के प्रति सच्चा भक्तिभाव होना चाहिए । कथा वाचक इंद्रदेव महाराज द्वारा राजा परीक्षित और सुखदेव की कथा का वर्णन सुनाते हुये कहा कि महाराज ने बताया कि राजा परीक्षित भागवत कथा सुनने के लिए भगवान वासुदेव की आराधना किया। जिसके बाद भगवान के आशीर्वाद से सुखदेव जी द्वारा राजा परीक्षित को भागवत कथा का श्रवण हुआ। क्योंकि इस भागवत कथा में मनुष्य को हर प्रकार की जानकारी मिलती है। इस दौरान उन्होने बताया कि जब इस सृष्टि की रचना हुई थी तो सभी वर्ग के लिय अपने अपने दायित्व सौपे गये थें और कहा गया था कि धर्म की रक्षा करने की जिम्मेदारी तुम्हारी है। मगर वह अपने दायित्यों के विपरित नजर आ रे है। ब्राह्मण को अच्छी वाणी जग कल्याण के लिए बोलना चाहिए। क्षत्रिय को अपने देश की रक्षा के लिए होना चाहिए और वैश्य को सभी मनुष्यों का पेट चलाने के लिए होना चाहिए और शूद्र सेवा करने के लिए होना चाहिए लेकिन आज के कलयुग में इसके विपरीत हो गए हैं। इंद्रदेव महाराज ने बताया कि किसी साधु का अपमान नहीं करना। हर व्यक्ति संकट में सभी साथ छोड़ देते है। उस समय गुरुदेव ही रक्षा करते हैं। इसलिये कभी भी अपने गुरू का अपमान नही करना चाहिये।

## कंपनी द्वारा दिये गये मोटर पंप को बिजली विभाग द्वारा गलत साबित करते हुये की जा रही कार्यवाही से परेशान अन्नदाता

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** इस समय जहां क्षेत्र का किसान प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहा है, वही दूसरी ओर बिजली विभाग द्वारा पांच हार्स पावर मोटर पंप के नाम पर सात हार्स पावर का बिल देते हुए किसानों को जिस प्रकार से परेशान किया जा रहा है आखिर में इसमें किसान की गलती कहा से हो रही है जिसके कारण उसे बिजली विभाग द्वारा इस प्रकार का दंड दिया जा रहा है? क्योंकि बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा बिजली मापने वाली मशीन से किसानों के कुंआ व नलकूपों पर पहुंचकर नलकूपों में डली हुई मोटर को अपने यंत्र के माध्यम से जांचते हुए उसे अधिक भार का बिल पहुंचाया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के कुछ किसानों द्वारा जानकारी देते हुए बताया है कि उनके नल कूप में पांच हार्स पावर की मोटर डली हुई जिसको उन्होंने जिस कंपनी से खरीदा गया है उसका वह बिल भी रखे हुए है मगर इसके बाद भी बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा उसे अधिक वोल्ट की बताते हुए बिल भेजा जाता रहा है? आखिर में जब किसान द्वारा किसी दुकान से कोई मोटर पंप खरीदा जाता है और उसका बिल लेता है जिसमें भी उसका बिद्युत खपत करने की मात्रा स्पष्ट लिखी होती है इसके बाद बिजली विभाग द्वारा जांच करने के बाद उसमें अधिक बिजली खपत करने की मात्रा पाई जाती है तो आखिर में इसमें किसान कैसे दोषी हुआ? क्योंकि अब किसान ज्यादा पढ़ा लिखा तो होता नही है जितनी मात्रा की कंपनी उसे बनाकर देती है उतनी मात्रा का मोटर वह अपने नलकूपों में डालकर उपयोग करता रहता है और बिजली विभाग द्वारा उसे दोषी मनाते हुए अधिक बिजली बिल भेजा जाता है? अब अधिक बिजली यदि किसी किसान का मोटर पंप खा रहा है तो उसमें कंपनी दोषी हुई जिसने मोटर पंप पर गलत लेबिल लगाते हुए उसे बेचा गया है? वही दूसरी ओर गौर करने वाली बात तो यह भी है कि किस प्रकार से नलकूप में डली हुई मोटर को किसान नही बनता है जो वह गलत नही हो सकती है? और इसी प्रकार से किसानों की मोटर पंपों की जांच करने वाले यंत्रों को भी बिजली विभाग के अधिकारी नही बनाते है जो वह हर समय सही रिपोर्ट देते रहे? जिस प्रकार से विश्वास के साथ किसान मोटर खरीदकर अपने नलकूप में डालता है इसी प्रकार से बिजली विभाग के अधिकारी भी बिजली की खपत जांच करने वाले यंत्र को विश्वास के साथ जांच करते है, अब यदि कंपनी द्वारा दी गई किसान की मोटर नियत मात्रा से अधिक बिजली खा सकती है तो बिजली विभाग का वह जांच करने वाला यंत्र भी खराब हो सकता है? क्योंकि दोनों ही चीजे कंपनी द्वारा बनाई गई है, इसमें सिर्फ दोषी किसान ही क्यों माना जाता है। वही दूसरी ओर देखा जावे तो यदि कोई व्यक्ति कोई दुकान से समान खरीदता है ओर यदि व समान खराब निकलता है तो दुकानदार को दोषी मानते हुए उसके खिलाफ कार्यवाही की जाती है, इसी प्रकार से किसान भी दुकान से मोटर पंप पांच हार्स पावर के नाम पर खरीदता है और यदि वह अधिक हार्सपावर की बिजली खाने लगता है तो अधिकारी उस दुकानदार के खिलाफ कार्यवाही करने की जगह किसान को अधिक बिल क्यों देते है? अब इसमें किसान दोषी हुआ की मोटर पंप बनाने वाली कंपनी जिसकी सजा किसान भोगते हुए पांच हार्स पावर की जगह सात हार्स पावर का बिल भरने मजबूर हो रहा है।



## सड़क किनारे पटरी नहीं होने से आये दिन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं वाहन



**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** जहां एक ओर सरकार द्वारा करोड़ो रूपया खर्च करते हुए सड़को का निर्माण आमजन के लिए सुविधा प्रदान करने के उद्वेश्य से किया जाता है, मगर वही सड़क यदि आमजन के लिए परेशानी के साथ साथ जान का खतरा साबित होने लगे तो उस सड़क के निर्माण पर अपने आप ही सबाल खड़े होने से नही चूकते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय पौड़ार से गाडरवारा के बीच हाईवे स्तर के सड़क में देखने मिल रहा है, जहां पर पूर्व सड़क निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा सड़क में निकले हुये गड्ढो को भरने के लिये किये गये सुधार कार्य के चलते इस सड़क की ऊंचाई अधिक हो चुकी है, मगर इसके बाद सड़क के दोनों ओर किसी भी प्रकार से ऊंचाई कम करने के लिए पटरी नही भरे जाने के कारण आये दिन वाहनों को दुर्घटना ग्रस्त होते हुए देखा जा रहा है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो बीते हुए एक सप्ताह के अंदर इस प्रकार से एक दर्जन से अधिक घटनाएं घटित हो चुकी है, वही बड़े वाहनों की स्थिति तो इस प्रकार से देखने मिल रही है कि वह अचानक एक दूसरे वाहन को साईड देने के चक्कर में पलटने से भी नही बच पाते है, इस स्थिति में चलते जहां वाहन मालिकों को आर्थिक क्षति का समाना करने के लिए मजबूर होते हुये देखा जा रहा है, वही दूसरी ओर छोटे वाहन चालकों की जान खतरे में दिखाई देने लगी है? इस प्रकार से इस सड़क की सच्चाई को लेकर स्थानीय मीडिया द्वारा आये दिन प्रमुखता के साथ उजागर किये जाने के बाद भी आज तक न तो निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही प्रशासन द्वारा जिससे यह जान पड़ने लगता है कि शायद किसी दिन कोई बड़ी घटना के इंतजार किया जा रहा हो।

## शराब की गिरफ्त में समा रही युवा पीढ़ी से बढ़ रहा अपराध का ग्राफ...?

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शहर में विदेशी, देशी शराब का जिस प्रकार से शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से कारोबार चलते हुये देखा जा रहा है उसका परिणाम है कि इसकी गिरप्त में लगातार युवा पीढ़ी आने के साथ साथ अपनी जिन्दगी को बर्बाद करने से नही चूक रही है बल्कि सही मायने में देखा जावे तो शराब पीने की चपेट में आए युवाओं, किशोरों की तादाद बढ़ती चली जा रही है? यह बात अलग है कि आये दिन पुलिस प्रशासन के साथ साथ समाजसेवी संस्थाओं द्वारा नशामुक्ति संबंधी शिविरों का आयोजन करते हुए नशा से दूर रहने के लिए संदेश दिया जाता है। मगर वह मात्र औपचारिकता पूर्ण ही दिखाई दे रहा है और इसी का परिणाम है कि जहां तहां बिक रही अवैध शराब के चलते युवा पीढ़ी इसकी चपेट में आने से नही बच पा रही है? गौरतलब है कि शाम ढलने के बाद शराब की दुकानों पर युवाओं की भीड़ उमड़ने लगती है तो दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में गांव गांव किराना दुकानों के समान शराब का अवैध कारोबार चलते हुये देखा जा रहा है जिसके चलते शहर से लेकर गांवों में आसानी से उपलब्ध हो रही शराब के चलते युवा जो अपने दोस्तों के साथ शराब पीकर इतने मस्त हो जाते है कि उन्हें अपने घरों की स्थिति का ध्यान नही रहता और रात को जब वे अपने घरों की दहलीज पर लड़खड़ाते हुए कदम रखते है तो महिलाएं बुरी तरह विचलित हो जाती है और घरों में कोहराम मच जाता है। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों का कहना है कि शराब ने शहर लेकर गांवों का माहौल बिगाड़ दिया है। युवाओं, किशोरों को शराब पीने की लत लगने से उनका स्वास्थ्य बिगड़ रहा है, माँ बाप की आशाओं के अनुरूप वे अपना भविष्य नही बना पा रहे है और घरों में कलह हो रही है, लोगों का कहना है कि शराब के शौकीन युवा ठीक से घरों में भोजन नही कर रहे है और अपने माँ बाप की सेवा करने की बजाय उन्हें परेशान करते हुए देखे जा रहे है। इतना ही नही यदि शराब की दुकानों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस प्रकार से नगर में शराब दुकाने रहवासी क्षेत्रों में संचालित हो रही है उसके चलते जहां नगर का संपूर्ण वातावरण दूषित हो रहा है तो दूसरी ओर ग्राम क्षेत्रों में जहां तहां किराना दुकानों के समान चलने वाली इन दुकानों पर होने वाली मारपीट के चलते आसपास रहने वाले किशोरों पर भी विपरीत असर पड़ते हुए देखा जा रहा है, जिसके चलते शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर में फिलहाल जो तीन शराब की दुकाने युवाओं को आकर्षित कर रही है उन्हें नगर सीमा से हटाया जाए और पुलिस बीरान जगहों पर खुलेआम हो रही शराबखोरी पर भी अंकुश लगाने की पहल करे जिससे नगर में शांति व्यवस्था कायम रह सके।



## खबर संक्षेप

### शनिवार को जिले के अलग अलग 9 स्थानों में आयोजित होंगे रेवा हेल्थ कैम्प

डिंडौरी। कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार 04 मई दिन शनिवार को जिले के समस्त जनपद पंचायतों के दूरस्थ स्थानों में प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक रेवा हेल्थकैम्प आयोजित किया जाएगा। उक्त रेवा हेल्थकैम्प विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी, महिला बाल विकास, आयुष विभाग के संयुक्त दल के आपसी समन्वय से स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध करायें जाने के उद्देश्य से आयोजन किया जाएगा। रेवा हेल्थकैम्प नगर पंचायत डिंडौरी के वार्ड नम्बर 10 एवं 07 में, नगर पंचायत शहपुरा के वार्ड नम्बर 08 एवं 09 में, जनपद पंचायत अमरपुर के ग्राम खुदूरपानी में, जनपद पंचायत बजाग के ग्राम लालपुर बैगाटोला में, जनपद पंचायत डिंडौरी के ग्राम सारंगपुर पड़रिया में, जनपद पंचायत करंजिया के ग्राम कुटेलीदादर में, जनपद पंचायत मेंहदवानी के ग्राम बालपुर में, जनपद पंचायत समनापुर के ग्राम मोहती में और जनपद पंचायत शहपुरा के ग्राम छीरपानी में आयोजित किया जाएगा।

### ट्रेन से कटकर किशोरी की दर्दनाक मौत

**कोतमा।** रेलवे स्टेशन से आधा किलोमीटर आगे रेलवे लाइन पर बुधवार को ट्रेन से कटकर 16 वर्षीय किशोरी अंजलि यादव पिता स्वामी दिन यादव की दर्दनाक मौत होने का मामला सामने आया है। उक्त घटना 1 मई को अंबिकापुर अनूपपुर मेमू ट्रेन से रात 8 बजे के आसपास घटित हुई जिसकी सूचना ट्रेन के गार्ड द्वारा स्टेशन मास्टर कोतमा को दी गई और स्टेशन मास्टर के द्वारा सूचना थाना कोतमा में दिए जाने पर पुलिस ने घटना स्थल पहुंच कर पंचनामा बनाते हुए पीएम के लिए भिजवाया। बताया जाता है कि किशोरी की मां का 1 वर्ष पूर्व ही निधन हो गया था। जिस कारण किशोरी अपनी बुआ के घर में रहती थी और अपने घर कल्याणपुर आई थी घटना का कारण अज्ञात है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। किशोरी की मौत की खबर से पूरे बस्ती में सनसनी फैल गई।

### फरार स्थाई वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोतमा।** कोतमा न्यायालय से पिछले 4 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी को पुलिस ने बुधवार को पकड़ा है। पकड़े गए वारंटी प्रदीप सिंह गोंड 38 वर्ष पिता मोती लाल सिंह निवासी पौराधार के खिलाफ थाना कोतमा में शासकीय सेवक के साथ मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने सहित जान से मारने की धमकी को लेकर धारा 294, 353, 332, 506 आईपीसी में केस दर्ज है। न्यायालय में पिछले कई वर्षों से पेशी में न जाते हुए फरार रहने पर न्यायालय से स्थाई वारंट जारी किया गया था और वारंटी को पकड़ने में उपनिरिक्षक पुष्पराज सिंह, आरक्षक प्रदीप यादव, दिनेश किराडे शामिल रहे।

### 22 स्थानों से 153 लीटर अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा शहडोल जिले में शराब की अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर सभी थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिये गए थे। जिसके पालन में 01 मई को अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना प्रभारियों द्वारा कार्यवाही कर 22 स्थानों पर दबिश देकर कुल 153 लीटर कच्ची महुआ जप्त की गई।

### वाहन मालिक उप वनमण्डल में अपना पक्ष रखे, अन्यथा एक पक्षीय कार्यवाही होगी

**उमरिया।** प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वन मण्डल अधिकारी उप वनमण्डल ने बताया कि प्रकरण में 2 अप्रैल को 2023 को हीरो होण्डा मोटर सायकल क्रमांक एमपी 18 एमबी 0561 को, बिना नंबर की मोटर सायकल 12 सितंबर 2023 को जप्त की गई है। दोनो वाहन के वाहन मालिक प्रकरण जांच से लेकर अधिहरण कार्यवाही के दौरान उपस्थित नहीं हो रहे है। सुखदेव पिता चुलबुल केवट रिजनल आफिस सीबीएल जिला शहडोल की हीरो होण्डा सीडी डिलक्स क्रमांक एमपी 18 एमबी 0561 को वन कक्ष क्रमांक आरबी 802 54, ग्राम दुलहरी से विंध्या कालोनी सडक मार्ग पर बिना नंबर की हीरो होण्डा मोटर सायकल को

# एक ही नाले पर बन रहे दर्जनों स्टॉप डैम



**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत चांदपुर जहां एक बरसाती नाला सुखमेर हैं। जहां पर ग्राम पंचायत द्वारा दर्जनों स्टाफ डैम निर्माण हो चुके हैं। इसके साथ ही कुछ निर्माणाधीन हैं। जोकि लगभग 20 से 25 मीटर की दूरी पर हैं। जबकि एक स्टाफ डैम से दूसरे स्टाफ डैम की दूरी 250 मीटर होना चाहिए। परंतु शासन प्रशासन इस ग्राम पंचायत पर कुछ ज्यादा ही मेहरबान हैं। जहां एक साथ तकनीकी स्वीकृति प्रदान की जा रही हैं। इस ग्राम पंचायत द्वारा ढेर सारी अनियमित्ताएं की जा रही हैं। ग्राम पंचायत द्वारा सभी स्टाफ डैम में अवैध रूप से ब्लास्टिंग की जा रही हैं। जबकि ब्लास्टिंग हेतु जिला प्रशासन से अनुमति एवं संख्या की स्वीकृति अनिवार्य हैं। ऐसे में शायद प्रशासन को किसी बड़े हादसे का इंतजार हैं। इस साथ ही ग्राम पंचायत में बाल श्रमिक भी मजदूरी करते आसानी से देखें जा सकते हैं। जिस संबंध में शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि बाल श्रमिक किसी भी निर्माण कार्य में न लगाए जाएं। जो शासकीय निर्देशों की अवहेलना की जा रही हैं। कार्यस्थल पर बोर्ड भी नहीं लगाया गया हैं, जिससे कार्य की लागत एवं मद आदि की जानकारी भी नहीं मिल पाती हैं। इस संबंध में सहायक यंत्री से जानकारी की कोशिश की गई। परंतु व्ही सी होने के वजह से जानकारी देने में असमर्थता व्यक्त की गई। ग्रामीणों का कहना हैं कि सभी स्टाफ डैम सुखे हैं, परंतु मजदूरों को काम मिल रहा हैं। बस यही फायदा हैं।

#### इनका कहना हैं....

ब्लास्टिंग की जानकारी नहीं हैं, और अगर 100 मीटर से कम दूरी पर स्टाफ डैम बनाया जा रहा हैं। तो काम रोक दे दिया जाएगा।

**-उमेश बोरकड़े उपयंत्री**

# महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर सत्र



**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी जबलपुर के इंजीनियर्स के साथ संयुक्त रूप से ग्राम पोंडी सेक्टर दामीतितराही में स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर सत्र आयोजित किया गया। इसके साथ ही इंजीनियर्स द्वारा आंगनवाडी केन्द्र के हितग्राहियों को तोहफे में मिठाईयां भी वितरित की गई। इस दौरान सुपरवाइजर सोनल सैयाम, अल्ट्राटेक इंजीनियर्स श्याम शिवहरे और रत्नाकर कार्यक्रम में शामिल रहे।

# टाइम ऑफ स्कूल सॉइल हेल्थ कार्यक्रम का क्रियान्वयन




**डिंडौरी।** टाइम ऑफ स्कूल सॉइल हेल्थ कार्यक्रम अंतर्गत मध्यप्रदेश के 77 शासकीय स्कूलों का चयन किया गया है। जिसमें डिंडोरी जिले के चार एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल डिंडोरी, शहपुरा, मेंहदवानी एवं करंजिया को चयनित किया गया है। संबंधित स्कूलों में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विज्ञान संकाय में अध्यनरत विद्यार्थियों के माध्यम से मृदा नमूना संकलन, विश्लेषण एवं सॉइल हेल्थ कार्ड पोर्टल पर ऑनलाइन एंट्री करने के उपरांत किसानों को मृदा स्वास्थ्य पत्रक प्रदाय किया जाना है।

29 एवं 30 अप्रैल 2024 को स्कूल मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल डिंडोरी, शहपुरा एवं मेहंदवानी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विभागीय अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को मिट्टी परीक्षण के महत्व, मिट्टी नमूना संकलन, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण, सॉइल हेल्थ कार्ड, मिट्टी में पाए जाने वाले पोषक तत्व, प्रयोगशाला में उपयोग होने वाले ग्लासवेयर उपकरणों एवम विश्लेषण मशीनों की जानकारी दी गई। साथ ही कृषक के खेत जाकर विद्यार्थियों को मिट्टी नमूना एकत्रीकरण की विधि का जीवंत प्रशिक्षण दिया गया। उक्त कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला अधिकारी, एकलव्य स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक, विद्यार्थी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने समनापुर में जनपद स्तरीय अधिकारी और पटवारियों की बैठक ली



डिंडौरी। कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज कार्यालय जनपद पंचायत समनापुर में जनपद स्तरीय अधिकारी और पटवारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में पेयजल समस्या की निगरानी एवं व्यवस्था हेतु उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। पंचायतों रोजगार सहायक और सचिव आपस में समन्वयपूर्वक कार्य करें। इसी प्रकार से पटवारी एवं अपने कार्य क्षेत्रों में राजस्व संबंधी सम्पूर्ण जानकारी रखें, लंबित प्रकरणों का समय पर निराकरण करें। साथ ही श्मशान घाट, स्वास्थ्य केन्द्र, स्कूल, आंगनवाड़ी एवं कोटवार की जमीन पर अतिक्रमण न हो इसका विशेष ध्यान रखें।

कलेक्टर ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर भी कैरियर काउंसलिंग केन्द्र खोली जाएगी, जिससे विद्यार्थियों को कैरियर के प्रति उचित मार्गदर्शन प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि राजस्व और वन विभाग अपने कार्य आपसी समन्वय से करें, जिससे कार्य में कठिनाई एवं किसी भी प्रकार की दुविधा न हो। सामुदायिक दावों पर कार्य करें। पटवारी बटवारे के मामलों स्पष्टता और समानता रखें, जिससे किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। शासकीय भूमि की स्थिति का आकलन कर जानकारी दें। सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को कार्यक्षेत्रों में लगातार भ्रमण करने के निर्देश दिए हैं। राजस्व अधिकारी अन्य कार्यों के साथ-साथ अपने मूल कार्यों को जरूर करें, कार्यालयों में किसी भी राजस्व मामले लंबित न रहे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में बोरवेल को उचित रूप से ढंका हो यह सुनिश्चित करने, हाट-बाजारों पर निगरानी रखने, एक्सीडेंट जोन पर अवलोकन कर संबंधित विभाग सूचित करने, पौधरोपण की तैयारी तथा सीएससी केन्द्रों में कड़ी निगरानी रखने सहित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए हैं।

# कलेक्टर ने जपं समनापुर के ग्रामों में स्कूल निर्माण कार्य और पेयजल आपूर्ति के निर्माण कार्यों का किया

**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने जनपद पंचायत समनापुर के ग्राम मझगांव के शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नवीन निर्माणधीन भवन का निरीक्षण किया। पाया गया कि विद्यालय का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, उन्होंने विद्यालय में प्रयोगशाला, पुस्तकालय, कक्षाओं और बॉउंड्री का अवलोकन किया। विद्यालय में ट्रांसफार्मर और फर्नीचर का कार्य शेष है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने उक्त कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर विकास मिश्रा ने जनपद पंचायत समनापुर के ग्राम मझगांव के हितग्राही मवियस पिता लहरू के निर्माणाधीन आवास का निरीक्षण किया। आवास निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, जिसके सम्बन्ध में कलेक्टर श्री मिश्रा ने हितग्राही से चर्चा की, ग्राम में पेयजल को आपूर्ति के बारे में जानकारी भी ली। बताया गया कि ग्राम में नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है। इस दौरान कलेक्टर ने हितग्राही के छोटे बच्चे जॉय को पुस्तक भेंट की।



#### -कलेक्टर ने ग्राम देवलपुर में पेयजल आपूर्ति के लिए संचालित कार्यों का निरीक्षण किया

कलेक्टर विकास मिश्रा ने ग्राम देवलपुर जनपद पंचायत समनापुर में पेयजल आपूर्ति के लिए संचालित कार्यों का निरीक्षण किया। खरमेर नदी के तट पर निर्माणाधीन सम्पवेल और इंटेकवेल का अवलोकन किया। बताया गया कि यहां पर पम्प हाउस का कार्य किया जाना है। उन्होंने देवलपुर के पेयजल आपूर्ति के लिए बनाई टंकी और वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करते हुए शेष कार्यों को पूरा करने के लिए निर्देशित किया।

#### -ग्राम सरई में निर्माणाधीन शा.उ.मा. विद्यालय भवन का निरीक्षण

कलेक्टर विकास मिश्रा ने ग्राम सरई जनपद पंचायत समनापुर में निर्माणाधीन शा.उ.मा. विद्यालय भवन का निरीक्षण किया। विद्यालय का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका हैं। जल्द ही कक्षाएं भी संचालित होंगी।

# कलेक्टर ने समनापुर में स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक ली



**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने जनपद पंचायत समनापुर में स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक ली। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों से अपने दायित्वों को जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा कि अपने अधिकार क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते रहें। आदर्श आंगनबाडी केन्द्रों के लिए क्या मूल तत्व हो सकते हैं, इसकी शोध पर पूर्ण क्षमता अनुसार कार्य करें। बच्चों को किस प्रकार के खिलौनों से खिलाएं, जिससे उन्हें सीखने मिले, बच्चों की अभिक्षमताओं को आंगनबाडी स्तर पर ही समझने की कोशिश करें।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग को कुपोषण के खिलाफ संयुक्त रूप से कार्ययोजना बनाकर विशेष कार्य करें। जिससे जिले के कुपोषित बच्चों को जल्द ही कुपोषण मुक्त बनाया जा सके। एएनएम और आंगनबाडी कार्यकर्ता समन्वयपूर्वक कार्य करें। केन्द्रों उपलब्ध संसाधनों का उचित उपयोग हो यह सुनिश्चित करें। बच्चों के लिए संस्कार-समर कैंप का आयोजन करें। इसके साथ ही दोनो विभाग गंदे पानी से संबंधित रोगों के प्रसार को रोकने का प्रयास करें। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में हमेशा दवाईयों की उचित उपलब्धता बनी रहे।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई डीडीओ की बैठक



**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वित्त सेवा के पूर्व निदेशक श्री आर.एन. मिश्रा की उपस्थिति में समस्त डीडीओ की बैठक ली। उन्होंने समस्त डीडीओ से म.प्र. वित्त सेवा के पूर्व निदेशक आर.एन. मिश्रा का परिचय कराते हुए बताया कि श्री मिश्रा वित्तीय सलाहकार के रूप में म.प्र. शासन में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं और उन्हें वित्तीय मामलों पर विशेषज्ञता है। जिसका लाभ जिले के समस्त डीडीओ को प्राप्त होगा।

निदेशक आर.एन. मिश्रा ने समस्त डीडीओ से अपने अनुभव साझा करते हुए वित्तीय मामलों पर आवश्यक सलाह दी। उन्होंने कहा कि हमें हमारे दायित्वों का निर्वहन पूर्ण समर्पण के साथ करना चाहिए। दायित्वों का निर्वहन करने के लिए सबसे प्रमुख है कि नियमावली को जाने, समझें और उसका अवलोकन करें। उन्होंने कहा कि निर्णय लेते समय कई बार नैतिक दुविधा का सामना करना पड़ता है, जिसे हम नियमानुसार ही सुलझा सकते हैं। उन्होंने समस्त अधिकारियों को वित्तीय ऑडिट, टेंडर प्रक्रिया, लेखा नियम आदि वित्तीय मामलों पर विस्तार से जानकारी दी और अधिकारियों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जबाव दिया। श्री आर.एन. मिश्रा ने सभी अधिकारियों को अपने निजी और सार्वजनिक जीवन के मध्य संतुलन बनाने के लिए

# अग्निवीर सेवा से जुड़कर देश सेवा करने के लिए किया प्रेरित



डिंडौरी। शासकीय महाविद्यालय करंजिया में स्वामी विवेकानंद स्वामी विवेकानंद करियर गाइडेंस प्रकोष्ठ के तत्वाधान में तथा प्राचार्य प्रो प्रमोद कुमार वास्पे के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम प्रभारी प्रो दुर्गा सिंह भवेदी की उपस्थिति में कालेज परिसर में अग्निवीर सेवा भर्ती विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस मौके पर प्राचार्य वास्पे ने छात्र छात्राओं को अग्निवीर सेवा से जुड़कर देश सेवा करने के लिए प्रेरित करते हुए सैनिकों के अनेकों उदाहरण बताएं वहीं प्रोफेसर अजय सिंह ने कहा कि कि देश प्रेम के लिए युवाओं की प्रतिभागी बढ़ाने के लिए अग्नि वीर योजना लाई गई है इसमें थल ,जल,वायु सेना से जुड़कर युवा वर्ग अपने कैरियर को नई दिशा दे सकते हैं इसी क्रम में प्रोफेसर रूपेश सिंह के द्वारा इसके चयन प्रक्रिया के बारे बताते हुए किस-किस ट्रेड में क्या क्या शैक्षणिक अर्हता या अनिवार्यता होती है और शारीरिक दक्षता तथा लिखित परीक्षा में किस प्रकार का पाठ्यक्रम शामिल है विस्तार से बताया । डॉ शमशेर बहादुर पटेल ने अग्निवीर की सार्थकता और उपयोगिता पर वक्तव्य दिया। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए एवं देश भक्ति देश सेवा के लिए छात्रों को प्रेरित किया ।

# एकलव्य विद्यालय प्रबंधन पर छात्रों ने लगाए गंभीर आरोप

## कक्षा 11 वी में 14 छात्रों ने शिक्षकों पर लगाया अनुत्तीर्ण करने का आरोप

### उत्तरपुस्तिका से छेड़छाड़ करने का आरोप, कलेक्टर से की शिकायत



**डिंडौरी।** केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा आदिवासी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए एकलव्य विद्यालय की स्थापना की गई हैं, जिससे आर्थिक तौर असक्षम,वंचित वर्ग के बच्चों को आवसीय सुविधा के साथ अध्ययन के लिए बेहतरीन माहौल मिल सके,लेकिन डिंडौरी जिला मुख्यालय में संचालित एकलव्य आवसीय विद्यालय एक तो अतिथि शिक्षकों के भरोसे संचालित किया जा रहा है वही नियमित शिक्षक भी हेकड़ी दिखाते हुए मनमानी करने पर तुले हुए हैं। यूँ तो एकलव्य विद्यालय की व्यवस्था लंबे समय से अखबार की सुर्खियों में है, जिसको लेकर मानवाधिकार आयोग ने भी कलेक्टर से रिपोर्ट तलब की है लेकिन अभी तक जिला प्रशासन द्वारा समुचित कदम नही उठाया गया है।

#### -छात्रों ने लगाये अनुत्तीर्ण करने के गंभीर आरोप

कक्षा 11 वी के छात्र गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर शिकायत दर्ज कराते हुए उत्तर पुस्तिकाओं की नए सिरे से जांच कराए जाने की मांग की है। उन्होंने शिकायत में उल्लेख किया है कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के छात्र हैं, पूर्व में हम लोगों के द्वारा संस्था में शिक्षकों की कमी एवं पढ़ाई ठीक से न होने के संबंध में शिकायत की गई थी। उन्हीं सभी कारणों से संस्था में कार्यरत शिक्षिका श्रीमति मंजूसिंह एवं संदीप गोरखेड़े के द्वारा कक्षा ग्यारहवीं के मुख्य परीक्षा 2024 की उत्तरपुस्तिकाओं में हेर फेर किया गया है। जिससे 14 छात्र अनुत्तीर्ण हो चुके हैं, इस विषय को लेकर छात्र आदित्य के द्वारा विद्यालय में मंजू सिंह से चर्चा की गई तो उन्होंने उसकी उत्तरपुस्तिका दिखाई जिसमें छात्र आदित्य के उत्तरपुस्तिका नहीं थी एवं कोरी उत्तरपुस्तिका लगी हुई थी। जिससे हम सभी छात्रों को संदेह है कि हमारी उत्तरपुस्तिकाओं से छेड़छाड़ की गई है। उक्त शिक्षिका के द्वारा पूर्व में भी हम सभी छात्रों को कहा जाता रहा है कि तुम इस वर्ष पास कैसे होते हो देखती हूँ। कलेक्टर के नाम किये गए शिकायत में छात्रों ने माँग की है कि उत्तरपुस्तिकाएं की उच्च स्तरीय जांच कराएं, जिससे छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न किया जा सके।

#### -मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

एकलव्य आवासीय विद्यालय में व्याप्त तमाम तरह के अनियमितताओं सहित अन्य मामलों को लेकर मानव अधिकार आयोग में आम नागरिक द्वारा शिकायत दर्ज कराते हुए जिला प्रशासन पर ढुल मुल रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की गई हैं, उक्त शिकायत को आयोग ने अगस्त 2023 में जिला प्रशासन को अग्रेषित कर समुचित कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिए थे किंतु आज तक मामले की जांच नही हुई है।

## खबर संक्षेप

### गौ पूजन कार्यक्रम सम्पन्न



**नरसिंहपुर** । गत दिवस राष्ट्रीय महिला जागृति मंच एवं सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद के सदस्यों द्वारा खमरिया ग्राम स्थित गौशाला में जाकर गौ माता की पूजन अर्चन किया गया । दोनों संगठन के सदस्य वर्ष 2021 से लगातार चारा एवं भूसे के लिए गौशाला मे सहयोग देते आ रहे हैं । गत दिवस सदस्यों द्वारा गौ शाला जाकर गौमाता की पूजन कर उन्हें पालक व केले खिलाये व भूसे के लिए समस्त सदस्यों द्वारा 6000 रूपये की राशि भेंट की गई । उक्त मौके पर श्रीमती विवेक पांडेय, श्रीमती सरला पांडे ,श्रीमती सुनंदा भट्ट, श्रीमती अरुणा दुबे, श्रीमती वंदना कोरी, श्रीमती प्रवीणा गोस्वामी, श्रीमती किरण राजपूत ,श्रीमती नंदिता चौबे, ममता मिश्रा, शिखा साहू, संगीता बेदी, सोनल मानसाता, नीता शर्मा, कविता दुबे, किरण चौहान, सीमा स्थापक, पूनम जैन ,सविता महोबिया, रेनू नौरिया उपस्थित रही ।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल


**नरसिंहपुर** । गत दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी अंतर्गत ग्राम करहैया निवासी युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे में युवक बुरी तरह से घायल हो गया है, जिसका इलाज निजी अस्पताल में किया जा रहा है। अस्पताल पुलिस चौकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार करहैया निवासी धनीराम सेन उम्र 18 वर्ष अपने काम से जा रहा था, तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक के सिर, हाथ, पैर और पीठ में चोटें आई है। जिसका इलाज जारी है। वही अस्पताल पुलिस चौकी ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 15 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**नरसिंहपुर** । शुक्रवार को असेम्बली हाल मे 15 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर एवं समर कैंप का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य जी एस पटेल द्वारा जीवन योग के महत्व को बताते हुये नियमित योग के लाभ बताये गये । उक्त मौके पर एस के चतुर्वेदी अध्यक्ष जिला योग समिति, देवेन्द्र कुमार ढिमोले योग प्रशिक्षक एवं प्रभात राय की उपस्थिति में सरस्वती पूजन के साथ किया गया। शिविर में प्रतिदिन 7 बजे से 8 बजे तक योग प्रशिक्षण एवं ध्यान प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### जल मंदिर सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ



**नरसिंहपुर** । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला ईकाई के तत्वधान में शासकीय स्वामी विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सेवार्थ विद्यार्थी गतिविधि के माध्यम से शीतल पेय जल के लिए जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि समाज सेवी राकेश जैन द्वारा जल मंदिर का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। अभाविप नरसिंहपुर की जिला संयोजक कु. ओशी कुशवाहा में बताया की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अखिल भारतीय स्तर पर सेवार्थ विद्यार्थी गतिविधि के अंतर्गत जल मंदिर एवं प्याऊ लगवा कर सेवा का काम भी कर रही है। उक्त मौके पर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य प्रियांशु तिवारी, नगर मंत्री श्रेयांश गुप्ता, सह मंत्री वैभव कतिया, रक्षा पटेल सार्थक उपाध्याय, अलख स्वामी, रोहित ठाकुर, नरेंद्र आदि सहित परिषद के अन्य कार्यकर्ता रहे ।

### 54 लीटर शराब जप्त

**नरसिंहपुर**। तेंदूखेड़ा पुलिस को खमरिया हाल मे एक झोपड़ी मे 6 पेटी देशी लाल शराब की जानकारी मिली थी। पुलिस ने घेराबंदी कर बताये गये स्थान पर छापामार शैली मे जैसे ही दविश दी तो वहां काशीराम पिता फूलसिंह जोधी उम्र 52 साल निवासी डोमा जैतपुर थाना केसली जिला सागर हाल मुकाम खमरिया रम्पुरा टोला थाना तेंदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर को 6 पेटी शराब के साथ गिरफतार कर लिया।

# कृषि अधिकारी व वैज्ञानिकों ने फसलों का किया निरीक्षण

## किसानों को उर्वरकों की दी जानकारी

**शुक्रवार को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में कृषि विभाग के अधिकारियों व कृषि वैज्ञानिकों ने जिले के ग्राम डोकरघाट, धबई, सांवलरानी, चीलाचौनकलां, समनापुर, मुड़िया एवं अन्य ग्रामों का निरीक्षण कर फसलों का जायजा लिया।**

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।



उप संचालक कृषि उमेश कटहरे, अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्रीमती शिल्पी नेमा, कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. निधि वर्मा, सुश्री पूजा पाठक व ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती अंजू जाटव ने ग्रामों का निरीक्षण कर फसलों का जायजा लिया।

### किसानों को दी समझाईस

निरीक्षण के दौरान ग्राम डोकरघाट में कृषक रुस्तम खान एवं राकेश पटेल द्वारा नरवाई जलाये बिना जीरो टिलेज अंतर्गत सुपर सीटर के माध्यम से मूंग की बोनी की गई। इससे मृदा में नमी बनी रहती है, क्षरण कम होता है और पानी की बचत होती है, इससे किसान संतुष्ट हैं। ग्राम धबई, सांवलरानी, चीलाचौन कलां, समनापुर, मुड़िया एवं अन्य ग्रामों में लगभग 200 एकड़ जमीन में जीरो टिलेज के माध्यम से मूंग की बोनी की गई है। जिले में 40- 50 दिन की अवधि में मूंग की फसल हो गई है। इन फसलों में अभी रोग एवं कीटों का प्रकोप नहीं पाया गया, फसल की स्थिति ठीक है। भविष्य में कीट व्याधि के बचाव के लिए थायोप्लस लेम्डा साइक्लोथ्रीन 80 मिली प्रति एकड़ की दर से छिड़काव किया जा सकता है।

### ऊर्वरक के उपयोग की दी जानकारी

जिले में विशेष अभियान के तहत गन्ने के साथ सब्जियों की अंतरवर्तीय खेती के प्रति रुझान बढ़ा है। ग्राम मुड़िया के कृषक शिवकुमार पटेल एवं अन्य कृषकों द्वारा गन्ने की फसल के साथ मूली व धनिया की फसल की बोई गई है। साथ ही ग्रीष्मकालीन मूंग 122422 हेक्टर, उड़द 5137 हेक्टर एवं सोयाबीन का करबा भी 7085 हेक्टर हुआ है। जिले की विपणन संघ के डबल लॉक केन्द्रों एवं सहकारी समितियों में यूरिया 3716 मी. टन, डीएपी 2512 मी. टन, एमओपी 112 मी. टन, एनपीके 787 मी. टन एवं एसएसपी 2779 मी. टन उपलब्ध है। किसानों से अपील की गई है कि वे उर्वरक का अग्रिम उठाव करें, ताकि आने वाले खरीफ मौसम में होने वाली परेशानी से बचा जा सके। साथ ही जिले में संतुलित उर्वरकों की पूर्ति संभव हो सके एवं किसी भी उर्वरक की कोई कमी न हो। किसानों द्वारा अग्रिम उठाव करने पर खरीफ मौसम के लिए उर्वरक की माँग की जा सके।

# यूसीमास स्टेट लेवल प्रतियोगिता में रहा बेहतर प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

यूसीमास अबेकस की 19वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 27 अप्रैल को द एमरल्ड हाईटस स्कूल राउ इंदौर के इन्डोर स्टेडियम में सम्पन्न हुई। इंदौर में आयोजित यूसीमास स्टेट लेवल प्रतियोगिता में विजेता रहे जिले के बच्चों को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले व अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह ने बधाई दी और उत्साहवर्धन कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस प्रतियोगिता में नरसिंहपुर के अंश अबेकस एकेडमी से कुल 51 प्रतियोगियों ने भाग लिया, जिसमें चार प्रतियोगी टाप फाईव, 13 प्रतियोगी मेरिट विजेता एवं 14 प्रतियोगी कांसुलेशन पुरुस्कार में सम्मानित हुए। उल्लेखनीय है कि यूसीमास अबेकस की 19वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 27 अप्रैल को द एमरल्ड हाईटस स्कूल राउ इंदौर के इन्डोर स्टेडियम में सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 200 यूसीमास केन्द्रों से लगभग 5000 प्रतियोगियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 5 से 13 आयु वर्ग के विद्यार्थियों को 8 मिनिट में 200 सवालों को लिखित में हल करने का लक्ष्य था। जिसमें जोड़ना, घटाना, गुणा भाग के जटिल सवालों को हल करने का लक्ष्य था। विजेता रहे प्रतियोगियों को 28 अप्रैल को लाभ मण्डपम अभय खेल प्रशाल इंदौर में सम्मानित किया। विजेताओं को पुरुस्कार वितरण मलेशिया से आये यूसीमास के संस्थापक प्रोफेसर डॉ. डियो बांग, नीरज गोयल, श्रीमती अमृता गोयल द्वारा किया गया। नरसिंहपुर अंश अबेकस एकेडमी से कुल 51 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया। इनमें टाप फाईव में 4 प्रतिभागियों में अलग- अलग केटेगरी में हितांशी सोंधिया, अनिका हिरानी, शुभसिंह ठाकुर एवं रेयांश वासवानी रनर अप रहे। वहीं मेरिट में सुजीत पटैल, अनिका साहू, पार्थ बेलवंशी, युवम सिंह, प्रशंसा सोनी, यशवीं जाट, वरूण पराशर, देवांश पराशर, सानवी मेहरा, समर्थ रहेजा, ब्योम पटैल, ताशवी लूनावत ने स्थान प्राप्त कर ट्राफी जीती। कांसुलेश पुरुस्कार में 14 प्रतिभागियों को सम्मानित किया, जिसमें अवनी नेमा, भौमिक मेहरा, भुवनेश्वरी लोधी, दुरूव जटवानी, लक्ष्य रहेजा, लव्यांश लोधी, ओजस्वी जनौरिया, मानव चौधरी, पार्थ पटेल, सरस गढेवाल, शार्वी सोनी व यशराज यादव शामिल हैं। एकेडमी डायरेक्टर शोभा नागपुरे ने बेस्ट फेन्चाईची अवार्ड जीतकर नरसिंहपुर जिले को गौरवान्वित किया। ऐकेडमी डायरेक्टर श्रीमती शोभा नागपुरे एवं समस्त यूसीमास स्टाफ ने सभी विजेताओं को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।



# कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

शुक्रवार को स्थानीय स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय के बर्चुअल कक्ष में यूपीएससी, एमपीपीएससी तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता जिज्ञासु अग्रवाल जो कि यूपीएससी सीएसई 2023 द्वारा चयनित जिनकी ऑलइंडिया रैंक 326 है। जिज्ञासु अग्रवाल ने विद्यार्थियों को यूपीएससी परीक्षा के संबंध में न केवल मार्गदर्शन दिया बल्कि विद्यार्थियों की संकाओं का समाधान भी किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित दिनचर्या, समय-सारिणी, संगति, पारिवारिक सहयोगी इत्यादि के बारे में बताया। कार्यक्रम संस्था प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा के संरक्षण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में आईक्यूएसी के संयोजक डॉ. आर.बी.सिंह एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सी.एस.राजहंस, प्रो. सुधा विकरौल, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के जिला नोडल अधिकारी अजीत कुमार राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. प्रभृति सेन के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में वीरेन्द्र झारिया, अमित ताम्रकार, भरत सिंह ठाकुर, डॉ. नमिता साहू, रीतेश अग्रवाल एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्रीमती शिल्पी तिवारी एवं कु. पूर्णिमा पटैल का सहयोग रहा।

# ट्राला ने टेक्ट्रर सवार को कुचला, मौत

तेंदूखेड़ा

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग पर आये दिन दुर्घटनाएं घटित होना प्रतिदिन खून से सड़क को रक्त रंजित होना अब आम बात हो गई है। शुक्रवार की दोपहर लगभग 11.30 बजे सात नंबर पुलिया के समीप लोहा भरकर भोपाल तरफ जा रहे ट्राला क्रमांक आर जे -जी डी 01 - 2977 ने तेंदूखेड़ा से लोहा भरकर ग्राम जमुनिया जिला रायसेन जा रहे टेक्ट्रर ट्राली में भीषण टक्कर लगने से टेक्ट्रर मे सवार रमेश ठाकुर 40साल की गंभीर स्थिति में दर्द नाक मौत हो गई। जबकि चालक जितेंद्र सिंह को भी गंभीर चोटें आई हैं। मृतक आदिवासी गांव हाथीडोल जिला रायसेन का बताया जा रहा है। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दोनों बाहन समानांतर दिशा में जा रहे थे इसी बीच पीछे से काल बनकर आ रहे ट्राला ने टेक्ट्रर ट्राली में लोहे की राडों से टकरा गया जिसमें टेक्ट्रर असंतुलित होकर पलट गया और ट्राला के सामने टेक्ट्रर में बैठा रमेश ठाकुर आगे वाले चाक के नीचे आ गया जिसे ट्राला रौंदता हुआ आगे जा पहुंचा। घटना की जानकारी लगते ही तत्काल सूचना पुलिस को दी गई। एवं अन्य घायलों को अस्पताल भेजा गया है। ट्राला चालक परिचालक तत्काल भाग गये।



### आये दिन हो रहे हादसे चिंता का विषय

गौरतलब रहे कि सात नंबर पुलिया से लेकर ररिया और ढिलवार तिगड्डा पर आये दिन गंभीर हादसे घटित होना अब आम बात हो गई है। प्रतिदिन खून से सनती सड़क चिंता का विषय बन गई है।इस दुर्घटना संभावित क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से सुरक्षा की दिशा में कोई उचित व्यवस्था की महती आवश्यकता है। असमय काल के गाल में समाती जिंदगियों को बचाने की दिशा में सुरक्षा प्रबंध जरुरी है। एक पखवाड़े में यह तीसरी मौत है छुटपुट घटनाओं में यहां मोटरसाइकिलों की आपस में भिड़ंत ट्रक से टकराकर गंभीर स्थिति में घायल होना मवेशियों को रौंदकर अज्ञात वाहन भागकर जाना अब आम बात हो गई है।

# रासेयो स्वंयसेवकों की मौखिक परीक्षा सम्पन्न

### रासेयो स्वंयसेवकों की मौखिक परीक्षा सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।



स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई द्वारा प्राचार्य डॉक्टर ममता शर्मा के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर ज्योत्स्ना झारिया के मार्गदर्शन में आज रासेयो के 'बी' एवं 'सी' प्रमाण पत्र की पात्रता हेतु मौखिक परीक्षा एवं समापन सत्र (2023-2024) का आयोजन किया गया। समापन सत्र में लक्ष्य गीत के पश्चात प्राचार्य डॉ ममता शर्मा द्वारा स्वयं सेवकों को विगत सत्र के 'बी' एवं 'सी' प्रणाम पत्र प्रदान किए गए एवं सत्र भर उत्कृष्ट कार्यों, गतिविधियों, रासेयो एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले स्वयं सेवकों को भी प्रमाण पत्र वितरित किए गए।कार्यक्रम में प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी द्वारा स्वयं सेवकों को आशीर्वचन, बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी गईं। कार्यक्रम का संचालन श्रेयांशी मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन दल नायिका शिखा वर्मा द्वारा किया। कार्यक्रम में प्रो. सुधा शाक्य, डॉ. जी. एस. मार्सकोले, डॉ. नरेश कुमार नेमा, डॉ. नमिता साहू, प्रो. अमित ताम्रकार एवं स्वयं सेवकों में सह दलनायिका राशिका चौरसिया, मीडिया प्रभारी श्रुति गुप्ता, ईशा राजपूत, अभिलाषा प्रजापति, भावना नौरिया, रानू नौरिया, प्रिया ठाकुर, खुशी ढिमोले, श्रद्धा बकोड़िया, प्रियंका साहू, समीक्षा नेमा, साक्षी पाटकर,रौशनी चौधरी, चरण प्रीत कौर, मनोरमा पाठक, निधि लोधी, नेहा चौधरी, प्रियंका पटेल , चांदनी मेहरा, अनीता वंशकार, निशा चौधरी, ज्योति चौधरी , रश्मि चौधरी, प्रतीक्षा भारती आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहीं।

# गंगई हरिजन मुहल्ले में नहीं पहुंच रहा पेयजल सप्लाई का पानी

**तेंदूखेड़ा**- इन दिनों भीषण गर्मी के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या देखने को मिल रही है लोग निस्तार के पानी से लेकर पेयजल व्यवस्था और मवेशियों को पानी पिलाने जल स्त्रोतों तक लेकर जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम गंगई में सामने आया है जहां ग्राम पंचायत के वार्ड क्रमांक 01 हरिजन मुहल्ला में गांव में बनी पानी की टंकी से आपूर्ति के तहत पानी नहीं पहुंच पा रहा है। लोगों का कहना है कि जिस ट्रांसफार्मर से वार्ड की लाइन जुड़ी हुई है वह वहां से बंद हो जाती है इस कारण से यहां पर पानी नहीं आता है।इसकी शिकायत ग्राम पंचायत के माध्यम से संबंधित अधिकारियों से की गई है। फिलहाल ग्राम पंचायत द्वारा पानी टेंकर से पानी भेजकर यहां की प्यास बुझाई जा रही है। वार्ड वासियों का कहना है कि तत्काल प्रभाव से यहां की बिजली की उचित व्यवस्था की जाये। और पानी की टंकी से ही आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाये।



### श्रीमद् भागवत सुखदेव जी के जन्म की सुनाई कथा

**तेंदूखेड़ा**- समीपी ग्राम बंधा मे समस्त ग्राम वासियों भक्त जनों के तत्वावधान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन उत्तरप्रदेश लखनऊ से पधारी कथा वाचक सुश्री कंचन द्विवेदी के द्वारा सुखदेव जन्म, परीक्षित श्राप और अमर कथा का वर्णन करते हुए बताया कि नारद जी के कहने पर पार्वती जी ने भगवान शिव से पूछा कि उनके गले में जो मुंडमाला है वह किसकी है तो भोलेनाथ ने बताया वह मुंड किसी और के नहीं बल्कि स्वयं पार्वती जी के हैं। हर जन्म में पार्वती जी विभिन्ना रूपों में शिव की पत्नी के रूप में जब भी देह त्याग करती शंकर जी उनके मुंड को अपने गले में धारण कर लेते पार्वती ने हंसते हुए कहा हर जन्म में क्या मैं ही मरती रही, आप क्यों नहीं। शंकर जी ने कहा हमने अमर कथा सुन रखी है पार्वती जी ने कहा मुझे भी वह अमर कथा सुनाइए शंकर जी पार्वती जी को अमर कथा सुनाने लगे। शिव-पार्वती के अलावा सिर्फ एक तोते का अंडा था जो कथा के प्रभाव से फूट गया उसमें से श्री सुखदेव जी का प्राकट्य हुआ कथा सुनते सुनते पार्वती जी सो गई वह पूरी कथा श्री सुखदेव जी ने सुनी और अमर हो गए शंकर जी सुखदेव जी के पीछे उन्हें मृत्युदंड देने के लिए दौड़े।

